इतनी कृपा सांवरे

इतना दिया मेरे श्याम ने,
जितनी मेरी ओकात नहीं,
ये तो करम है मुझ पर,
वरना मुझ में कुछ ऐसी बात नहीं........

इतनी कृपा साँवरे बनाये रखना,
और मरते दम तक सेवा में, लगाये रखना,
इतनी कृपा सांवरे बनाये रखना,
और मरते दम तक, सेवा में लगाये रखना,
इतनी कृपा......

तू मेरा मैं तेरा बाबा तू राज़ी मैं राजी,
तेरे नाम पे लिख दी मैंने इस जीवन की बाजी,
लाज़ तुम्हारे हाथ है, बचाए रखना,
और मरते दम तक सेवा में लगाये रखना,
इतनी कृपा सांवरे बनाये रखना......

तेरे प्रेमियों में मन लगता और कहीं ना लागे,
तेरे द्वार के आगे बाबा, सब फीका सा लागे,
भजनों की इस भूख को जगाये रखना,
और मरते दम तक सेवा में लगाये रखना,
इतनी कृपा सांवरे बनाये रखना......

हाथ जोड़ कर करूँ प्रार्थना मुझको भूल ना जाना,
तेरे दर पर लगा रहे बस मेरा आना जाना,
दिन पे दिन ये सिलसिला चलाए रखना,
और मरते दम तक सेवा में लगाये रखना,
इतनी कृपा सांवरे बनाये रखना,
और मरते दम तक सेवा में, लगाये रखना,
इतनी कृपा सांवरे बनाये रखना,
और मरते दम तक, सेवा में लगाये रखना..........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23654/title/itni-kripa-sanwre

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |